हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 28 अगस्त 2024, समय 1305 (5 मिनट)

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित राष्ट्रीय कार्यबल-एन.टी.एफ चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा हेतु अल्पकालिक उपायों पर चर्चा करने के लिए राज्य के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ बैठक करेगा। केन्द्रीय गृह और स्वास्थ्य सचिव वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की सह अध्यक्षता करेंगे।इससे पहले, कल नई दिल्ली में कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में कार्यबल की पहली बैठक आयोजित हुई। बैठक में सुरक्षा उपायों सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई और कार्यबल के सदस्यों ने अपने सुझाव भी पेश किए। कार्यबल के सदस्यों ने जानकारी दी कि उन्हें इस संबंध में करीब तीन सौ से चार सौ सुझाव प्राप्त हुए हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर **"एनटीएफ"** को सुझाव से संबंधित शीर्षक से एक राष्ट्रीय पोर्टल बनाया है। इस पोर्टल पर देशभर से विभिन्न भागीदार और लोग अपने व्यक्तिगत सुझाव भेज सकते हैं।

....

किरण चौधरी हरियाणा से राज्यसभा सांसद बनने वाली 5वीं महिला बन गई हैं । इससे पूर्व जनता दल- इनेलो से 2, भाजपा और कांग्रेस से 1-1 महिलाएं राज्यसभा पहुंची हैं। दो महीनेपहले 19 जून को कांग्रेस पार्टी से अपना करीब चार दशकों पुराना रिश्ता तोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुई किरण चौधरी कल हरियाणा से रिक्त राज्यसभा की एक सीट के उपचुनाव में बी जे पी उम्मीदवार के तौर पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गई ।21 अगस्त को किरण चौधरी ने प्रदेश से राज्यसभा की इस सीट के लिए बी जे पी प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया था. चूंकि उनके विरुद्ध किसी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं भरा, इसलिए इस उपचुनाव में मतदान नहीं हुआ।

....

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कल सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया ।हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पंकज अग्रवाल ने बताया कि के सभी 20,629 पोलिंग बूथो की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन हो गया है ।उन्होंने बताया कि 2 अगस्त को प्रकाशित प्रारंभिक सूची में प्रदेश में 2 करोड़ 1 लाख 61 हजार 950 मतदाता थे। कल प्रकाशित अंतिम सूची में 2 लाख 35 हजार 804 नए मतदाता जुडे हैं और 1 लाख 72 हजार 796 मतदाता सूची से हटाए गए है। अब अंतिम मतदाता सूची के अनुसार प्रदेश में 2 करोड़ 2 लाख 24 हजार 958 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । इन मतदाताओं में 1 करोड़ 7 लाख 11 हजार 926 पुरूष मतदाता और 95 लाख 12 हजार 574 महिला मतदाता शामिल हैं। जबकि

थर्ड जेंडर के 458 मतदाता है। श्री अग्रवाल ने बताया कि 18 से 19 आयु वर्ग के 5 लाख 1 हजार 682 युवा मतदाता है। इसी प्रकार, 1 लाख 48 हजार 508 दिव्यांग मतदाता और 85 वर्ष से अधिक आयु के 2 लाख 30 हजार 967 मतदाता हैं। इसके अलावा, 100 वर्ष से अधिक के मतदाताओं की संख्या 8,818 है। इसी प्रकार, 20 से 29 आयु वर्ग के 41 लाख 86 हजार 591 मतदाता है।उन्होंने बताया कि फिर भी अगर 27 अगस्त को अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में किसी का नाम नहीं है तो वे ब्लॉक लेवल अधिकारी से सम्पर्क कर फार्म 6 भरकर या वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से वोट बनवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं । नामांकन पत्र लेने की अंतिम तिथि 12 सितम्बर से 10 दिन पहले यानि 2 सितंबर तक वोट बनवाया जा सकता है।

....

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद-**आई सी सी** के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। वे इस वर्ष पहली दिसंबर से अपना कार्यभार संभालेंगे। इसके साथ ही 35 वर्षीय श्री जय शाह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सबसे कम उम्र के अध्यक्ष बन जाएंगे।

....

पैरालंपिक खेलों का औपचारिक उद्घाटन आज फ्रांस की राजधानी पेरिस में हो रहा है। ये खेल 8 सितंबर तक चलेंगे। यह पहली बार है कि फ्रांस ग्रीष्मकालीन पैरालंपिक का आयोजन कर रहा है। इससे पहले वहां 1992 में शीतकालीन पैरालंपिक का आयोजन हुआ था। इस बार पेरिस पैरालंपिक में कुल 84 भारतीय पैरा एथलीट का दल प्रतिस्पर्धा करेगा जिनमें से 22 एथलीट हरियाणा से हैं। यह पैरालंपिक के इतिहास में भारत का सबसे बड़ा दल है। भारत इस बार 22 खेलों में से 12 में प्रतिस्पर्धा करेगा। पैरा साइक्लिंग, पैरा जूडो और पैरा रोइंग में भारतीय एथलीट पहली बार प्रतिस्पर्धा करेंगे।भारत का अभियान कल पैरा बैडमिंटन से शुरू होगा, जहां कृष्ण नागर पुरुषों के एकल मुकाबले में अपना खिताब बचाने के लिए मैदान में उतरेगें।